सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-571
20/11/2017

मुख्यमंत्री ने कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रियरंजन दास मुंशी के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया

पटना, 20 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रियरंजन दास मुंशी के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 प्रियरंजन दास मुंशी लंबे समय से बीमार चल रहे थे और कोमा में थे। स्व0 प्रियरंजन दास मुंशी अपने राजनैतिक जीवन में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री सहित कई अहम पदों पर रहे। फुटबॉल को भारत में ख्याति दिलाने में उनका अहम योगदान था। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक तथा खेल जगत को भी अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******